जारी **खबर**

एक उछलती अर्थव्यवस्था के लिए नए अनुदान

०२ जून, २०२२

अल्बर्टा जॉब्स नाओ, के आवेदन कल फिर से खुलेंगे- आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए नियोक्ताओं को नए कर्मचारियों को काम पर रखने और उनके कौशल को बढ़ावा देने में शया करना।

अल्बर्टा की रिकवरी प्लान की जबरदस्त सफलता को जारी रखने में मदद करने के लिए, अल्बर्टा जॉब्स नाओ कार्यक्रम ३ जून को अपना तीसरा और अंतिम आवेदन शुरू करेगा। संभावित श्रम की कमी को दूर करने के लिए, योग्य नियोक्ता १० तक नए पूर्णकालिक या अंशकालिक कार्यकर्ता काम पर रख सकते हैं और प्रशिक्षित कर सकते हैं। एक कर्मचारी के वार्षिक वेतन का २५ प्रतिशत और प्रति कर्मचारी अधिकतम २५,००० डॉलर तक अनुदान मिल सकता है। लगभग ९० मिलियन डॉलर कुल फंडिंग उपलब्ध है।

लंबे समय तक बेरोजगारी का सामना करने वाले अल्बर्टा निवासियों को और समर्थन देने के लिए, नियोक्ता नई कार्य स्थिति का समर्थन करने के लिए $ ३७,५०० तक प्राप्त कर सकते हैं यदि यहाँ कोई ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाता है जो लगातार कम से कम २७ सप्ताह तक काम से बाहर रहा हो। अगर नियोक्ता एक विकलांग व्यक्ति को काम पर रखते हैं,तो बिना इस बात की विचार कि वह व्यक्ति कितनी देर से बेरोज़गार हो, वे उसी उच्च मूल्य के अनुदान के लिए पात्र हैं।

इस साल मई तक, १२,६०० से अधिक अल्बटा निवासी, अल्बर्टा जॉब्स नाओ, के तहत स्वीकृत पदों पर काम कर रहे हैं - जो पिछले साल महामारी की चुनौतियों के बीच शुरू हुआ था, जिसमें अल्बर्टा निवासियों को काम पर वापस लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था, और वर्तमान श्रम की कमी को दूर करने के लिए विकसित हुआ है। कार्यक्रम के शीर्ष प्रकार की नौकरियों में खाद्य और पेय सेवादार, रसोइया, खुदरा विक्रेता, प्रशासनिक अधिकारी और परिवहन ट्रक चालक शामिल हैं।

अल्बर्टा को पुनर-स्वस्थ करने का समर्थन

अल्बर्टा जॉब्स नाओ , अलबर्टा की पुनर-स्वस्थ करने के योजना का एक प्रमुख घटक है, जो कौशल प्रशिक्षण और रोजगार अनुदान के साथ कार्यबल को मजबूत करके रोजगार सृजित करने और अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए है।

कार्यक्रम के पात्र होने के लिए, निजी क्षेत्र के व्यवसायों या गैर-लाभकारी संगठनों को, अनुदान का उपयोग, अल्बर्टा निवासियों को एक नए या रिक्त पद पर नियुक्त करने के लिए करना होगा। नया कर्मचारी अल्बर्टा में रहता और काम करता होना चाहिए और उसने पिछले ९० दिनों के भीतर नियोक्ता के लिए काम न किया हो।

झटपट तथ्य

- नियोक्ता अब ३ जून को सुबह ९ बजे से (अल्बर्टा.सी.ऐ/जॉबज़नाओ) alberta.ca/jobsnow पर अल्बर्टा में नौकरीओं कि तीसरी सविकृति के लिए आवेदन दे सकेंगे।
- नियोक्ता जिन्होंने पिछले भर्ती की समाप्ति तिथि १७ दिसंबर, २०२१ को या उसके बाद पात्र कर्मचारियों को काम पर रखा है, आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदनों की समीक्षा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर तब तक की जाएगी जब तक कि धन का आवंटन नहीं हो जाता।
- अनुदान का उपयोग वेतन या प्रशिक्षण लागत के लिए किया जा सकता है।
- मई २०२२ तक, कार्यक्रम में आवेदन करने वाले शीर्ष पांच उद्योगों में शामिल हैं:
    - आवास और खाद्य सेवा क्षेत्र - २१.१२ प्रतिशत
    - पेशेवर, वैज्ञानिक और तकनीकी सेवाएं - ११.१९ प्रतिशत
    - निर्माण- ९.४६ प्रतिशत
    - खुदरा व्यापार - ७.४७ प्रतिशत
    - उत्पादन - ६.९४ प्रतिशत

सम्बंधित जानकारी

- अल्बर्टा जॉब्स नाओ
- अल्बर्टा को पुनर-स्वस्थ करने का समर्थन

मीडिया पूछताश

रॉय डलमैन

५८७-८७३-७१४०

प्रेस सचिव, श्रम और आप्रवास

ALBERTA'S RECOVERY PLAN

Alberta's Recovery Plan is a plan to breathe new life into Alberta's economy and create new opportunities for every Albertan. It's a plan to build, to diversify, and to create jobs.

वर्गीकरण: सार्वजनिक